श्री बंशीधर नगर, मंगलवार
28.01.2025
माघ कृष्णपक्ष चतुर्दशी संवत 2081
वर्ष : 03, अंक : 155

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 06:39 बजे
अस्त - 05:36 बजे

**तापमान**
अधिकतम :27 डिग्री से.
न्यूनतम :13 डिग्री से.

# बंशीधर न्यूज
कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com

संविधान हमारे राष्ट्र की आत्मा है : एसडीओ >> पेज 05
रघुवर दास से मिले ईशान किशन >> पेज 04

### सुविचार

अपने सर्वोत्तम गुणों का प्रदर्शन करें तो कोई भी आपको नजर अंदाज नहीं करेगा।

### न्यूज अपडेट्स

## मालवाहक ट्रक ने चार को कुचला, दो की मौत

**गिरिडीह।** जिले देवरी थाना इलाके के मंडरो और चितरोकुरो में सिमेन्ट लोडेड एक ट्रक ने चार लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में एक बच्चें सहित दो लोगों की मौत हो गयी। आक्रोशित लोगों ने ट्रक का पीछा कर उसमें आ लगा दी। हालांकि ट्रक का चालक मौके से भाग निकला। घटना सोमवार दोपहर की है। ट्रक में आग लगाने की घटना जमुआ के मिर्जागंज की है। जानकारी के अनुसार सीमेंट लदे ट्रक ने देवरी प्रखंड अंतर्गत हीरोडीह थाना के मंडरो में एक 4 वर्ष के बच्चे को धक्का मार दिया। इस घटना में बच्चे की मौत हो गई। मृतक तिसरी थाना इलाके के बेलवाना निवासी शहबाज अंसारी का चार वर्षीय पुत्र था।

**समारोह** मुख्यमंत्री हेमंत ने दुमका में किया झंडोत्तोलन, कहा

# महिलाओं को दे रहे मदद

**दुमका।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को 76वें गणतंत्र दिवस पर दुमका के पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने परेड का निरीक्षण कर सलामी ली।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री सोरेन ने स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते कहा कि स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व हमारे संविधान की मूल भावना है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार झारखंडवासियों की खुशहाली के लिए, यहां व्याप्त गरीबी, बेरोजगारी और पलायन जैसी समस्याओं के समाधान के लिए, सदियों से शोषित एवं वंचित आदिवासियों, पिछड़ों, दलितों के हक अधिकार के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रही है। हम सामाजिक न्याय के साथ विकास के नित नये प्रतिमान स्थापित कर रहे हैं, जिसकी



चर्चा चारों तरफ है। झारखंड की सांस्कृतिक पहचान और झारखंडी अस्मिता को कायम रखते हुए हम विकास के रास्ते पर आगे बढ़ने का प्रयास कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला सशक्तीकरण हमारी सरकार की पहली प्राथमिकता रही है। आज से लगभग पांच महीने पहले हमारी सरकार ने झारखंड की बहनों-दीदियों की आर्थिक स्वतंत्रता और गरिमा सुनिश्चित करने के व्यापक उद्देश्य से मंईयां सम्मान योजना के रूप में एक क्रांतिकारी योजना की शुरुआत की थी। क्रांतिकारी इसलिए, क्योंकि झारखंड की सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि एवं ग्रामीण परिवेश में यह योजना व्यापक बदलाव लाने का सामर्थ्य रखती है। प्रारम्भ में, इस योजना के तहत 18-50 वर्ष उम्र तक की सभी बहनों, दीदियों को प्रतिमाह 1000 रुपये की सम्मान राशि उनके बैंक खाते में उपलब्ध कराने का निर्णय हमारी सरकार ने लिया था। हमने 1000 रुपये की सम्मान राशि को बढ़ाकर 2500 रुपये करने का वादा अपनी बहनों, दीदियों से किया था। हमने जो कहा वह किया और इस योजना के शुरू होने के पांच महीने के अंदर ही सम्मान राशि को प्रतिमाह 1000 रुपये से बढ़ाकर 2500 रुपये कर दिया है। झारखंड के समग्र विकास के लिए मईयां सम्मान योजना अत्यंत प्रभावकारी साबित हो रही है और वर्तमान में लगभग 56 लाख महिलाएं इस योजना से लाभान्वित हो रही हैं। इस सम्मान राशि से महिलाएं कर्ज की जंजीरों को तोड़ कर आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं। मंईयां सम्मान योजना हमारी बहनों, दीदियों के चेहरे पर खुशी की गारंटी बन गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड वासियों की उन्नति, खुशहाली और सशक्तीकरण के लिए हमारी सरकार के जरिये कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के अन्तर्गत 8 लाख से अधिक किशोरियों को उनकी शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता प्रदान किया जा रहा है। सखी मंडल के रूप में ग्रामीण महिलाओं को संगठित कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। फुलो झानो आशीर्वाद योजना, दीदी बाड़ी योजना, दीदी बगिया योजना के माध्यम से महिलाओं को आजीविका का सम्मानजनक विकल्प उपलब्ध कराया जा रहा है। पलाश ब्रांड के जरिए ग्रामीण महिला श्रम शक्ति को सम्मान मिला है। उन्होंने कहा कि सर्वजन पेंशन योजना' के माध्यम से राज्य के हर जरूरतमंद को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। 'अबुआ आवास योजना' के माध्यम से गरीबों को तीन कमरों का पक्का मकान उपलब्ध कराया जा रहा है। हरा राशन कार्ड, बिरसा हरित ग्राम योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना तथा मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना जैसी लोक कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से गरीबों तथा जरूरतमंदों को लाभान्वित किया जा रहा है।

## हमारा लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा व जीवंत लोकतंत्र है : राज्यपाल



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रविवार को 76 वें गणतंत्र दिवस पर राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में तिरंगा झंडा फहराया। इसके बाद राज्यपाल ने खुली जीप से सशस्त्र बल के परेड का निरीक्षण किया और परेड की सलामी ली। मौके पर राज्यपाल ने कहा कि हमारा लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा और जीवंत लोकतंत्र है। हमारे इस महान लोकतंत्र का आधार है- हमारा संविधान। आज इस अवसर पर मैं संविधान सभा के सभी सदस्यों को भी नमन करता हूं। हमारा संविधान लोकतंत्र का एक पवित्र ग्रंथ है, जो हम सभी के लिए एक मार्गदर्शक है। हमारा कर्तव्य है कि हम इसका पूरा सम्मान करें क्योंकि संविधान किसी भी राष्ट्र की शासन प्रणाली का मजबूत आधार होता है। यह शासन की प्रकृति और प्रक्रिया को परिभाषित करता है। इसी के माध्यम से विभिन्न लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्थापना और उनके काम-काज के नियम निर्धारित किये जाते हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में निर्वाचित जन प्रतिनिधि अपना पद संभालने से पहले संविधान की शपथ लेते हैं। मैं झारखंड के सभी निर्वाचित जन प्रतिनिधियों से आह्वान करता हूं कि वे संविधान के अनुसार अपने कार्यों और कर्तव्यों का निर्वह्न करें। हमारा संविधान अनेक शाश्वत मूल्यों को अपने-आप में समाये हुए है, जो हमारे मार्गदर्शक सिद्धांत हैं। हमें संविधान में निहित मूल्यों को अत्यधिक सावधानी और सर्तकता के साथ संरक्षित करने की आवश्यकता है। लोकतंत्र की सफलता की कुंजी सुशासन में है; गण के प्रति शासन-तंत्र की जवाबदेही में है। नागरिकों के प्रति प्रशासन की जिम्मेदारी को समझना और उसे पूरा करना सरकार का परम कर्तव्य है।

## राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला 11 से, तैयारी शुरू



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के सदर प्रखंड के दुबियाखाड़ में राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला का आयोजन प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 11 एवं 12 फरवरी को होगा। मेले के सफल आयोजन को लेकर सोमवार को उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में समाहरणालय में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में विभागों के स्टॉल लगाने, परिसंपत्तियों का वितरण करने, सरकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने एवं विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं से लाभुकों को लाभान्वित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में उपायुक्त ने मेले में आने वाली भीड़ को बेहतर तरीके से नियंत्रण करने को लेकर योजना बनाने की बात कही। उन्होंने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर सीओ व संबंधित को इस विषय पर प्लान बनाने की बात कही। उन्होंने मेला समिति के प्रतिनिधियों को आवश्यकतानुसार वॉलिंटियर्स की नियुक्ति करने और उनके बीच आई कार्ड का भी वितरण करने की बात कही। उन्होंने फायर एक्सटिंग्विशर पर्याप्त मात्रा में रखने पर बल दिया। नगर आयुक्त को आयोजन स्थल पर समुचित साफ-सफाई रखने पर बल दिया। रंग-रोगन और सुंदरीकरण पर भी चर्चा की गयी। यातायात व्यवस्था एवं चिकित्सा व्यवस्था के लिये अलग से योजना बनाकर कार्य करने की बात कही। बैठक में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. असीम कुमार को सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर के माध्यम से मेले में होने वाली गतिविधियों का प्रचार-प्रसार कराने पर बल दिया। मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी, सदर एसडीएम, सिविल सर्जन, सहायक पुलिस अधीक्षक, जिला कल्याण पदाधिकारी सह खेल पदाधिकारी, मेला समिति के अध्यक्ष और सचिव समेत अन्य उपस्थित थे।



# सरस्वती विद्या मंदिर में गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित

बंशीधर न्यूज

**श्री बंशीधर नगर :** सरस्वती विद्या मंदिर में गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक अनंत प्रताप देव ने झंडोत्तोलन किया। इससे पूर्व विधायक, विद्यालय के अध्यक्ष जोखू प्रसाद, डॉ धर्मचंदलाल अग्रवाल, रवि प्रकाश, चंदन कुमार, सुनील चौबे, प्रधानाचार्य रविकांत पाठक, शशिकला, अशोक कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से भारत माता का पूजन किया गया। तत्पश्चात समिति के द्वारा विधायक को अंग वस्त्र व पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम में घोष प्रदर्शन, अरुण-उदय के भैया-बहनों द्वारा नृत्य, अंग्रेजी भाषण (कक्षा द्वितीय की बहन आरवी द्वारा), डम्बल योग, सामूहिक गीत (बहन प्रांजल,सनाया और परिधि द्वारा) ₹एक हमारा ऊंचा झंडा₹, हिंदी भाषण (संस्कृति पाण्डे कक्षा सप्तम), योग प्रदर्शन, भाव नृत्य (प्रभात की बहनों द्वारा) पांव में पायल, आसन प्रदर्शन, पिरामिड निर्माण, भाव नृत्य (कक्षा प्रथम और द्वितीय की बहनों द्वारा), योगचाप (लेजियम) प्रदर्शन किया गया।

वंदे मातरम् के बाद कार्यक्रम की समाप्ति हुई। भैया, बहनों एवं अभिभावकों को प्रसाद वितरण किया गया।

### कार्यक्रम में ये लोग थे उपस्थित

सुजीत कुमार अग्रवाल, दिलेश्वर सिंह, कुलदीप शर्मा, केदार प्रसाद, अनंत कुमार, प्रवीण कुमार, परमेश्वर प्रसाद, ध्रुव कुमार, कुलदीप यादव, रामचंद्र पाठक, डॉ नरेंद्र कुमार, सुनील गुप्ता समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

























# गणतंत्र दिवस पर कई प्रतियोगिताएं, सफल प्रतिभागी पुरस्कृत

बंशीधर न्यूज



**श्री बंशीधर नगर :** गणतंत्र दिवस के अवसर पर अनुमंडल मैदान श्री बंशीधर नगर में आयोजित अनुमंडलस्तरीय प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागियों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मार्च पास्ट में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय अधौरा ने प्रथम, होलीक्रॉस उच्च विद्यालय नायाखाड़ ने द्वितीय तथा मिलेनियम पब्लिक स्कूल विशुनपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।झांकी में प्रथम स्थान जेएसएलपीएस नगर ऊंटारी, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय अधौरा ने द्वितीय एवं प्रखंड कार्यालय नगर ऊंटारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सामूहिक मैदानी कार्यक्रम में मां नगीना शाही महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने प्रथम, मध्य विद्यालय जंगीपुर ने द्वितीय तथा आरके पब्लिक स्कूल अधौरा व रामाश्रम विद्या निकेतन नरखोरिया कला ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। देशभक्ति प्रगति गीत में शंकर प्रताप देव इंटर कॉलेज की शिवांगी शेखर और पलक पाण्डेय ने प्रथम, प्लस टू उच्च विद्यालय नगर ऊंटारी की इन्हाज परवीन ने द्वितीय एवं मां नगीना शाही महिला महाविद्यालय की प्रियंका पायल व पूजा कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गुरुकुल पब्लिक स्कूल के नन्हें छात्र अनुपम को देशभक्ति गीत के लिये विशेष पुरस्कार दिया गया। राष्ट्रगान चयनित सरस्वती विद्या मंदिर की छात्राओं द्वारा तथा राष्ट्रगीत की भावपूर्ण प्रस्तुति आरके पब्लिक स्कूल अधौरा की चयनित छात्राओं द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में एसडीओ एवं एसडीपीओ ने सफल प्रतिभागियों को मोमेंटो, शील्ड, मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक कमलेश पांडेय ने किया।


























# ऑटो चालक से मारपीट व मोबाईल और पैसा लूट मामले का उद्भेदन

**बंशीधर न्यूज**

**भवनाथपुर :** बीते 23 जनवरी की रात खरौंधी के खोखा चन्दना रोड में एक ऑटो चालक से मारपीट कर मोबाईल और पैसा लूट मामले का पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय को सुपुर्द कर दिया गया है। साथ ही लूट कांड में प्रयुक्त बाईक और मोबाईल भी जब्त की गई है। सोमवार को भवनाथपुर पुलिस निरीक्षक गुलाब सिंह ने अपने कार्यालय में प्रेसवार्ता कर बताया कि खरौंधी चन्दना गांव निवासी पिंटू चौधरी पिता पना चौधरी तथा राज कुमार पटेल पिता लालमुनि पटेल के द्वारा तकरीबन रात्रि आठ बजे लोहरगड़ा निवासी अक्षयवर चौधरी पिता बीटन चौधरी और उसके साथ ओमप्रकाश साह के साथ ऑटो से यूपी जा रहे थे। इसी बीच उक्त दोनों लोगों को एक बाईक पर सवार दोनों चन्दना निवासी अपराधियों के द्वारा मारपीट कर नगद और मोबाईल लुट की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसके बाद पीड़ित के द्वारा लिखित शिकायत के बाद प्राथमिकी दर्ज करते हुये एक टीम गठित कर लगातार छापेमारी की गई। जिसमें दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। कहा कि लूट के पैसा और मोबाईल भी मिला है। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने अपना अपराध कबूल कर लिया है। मौके पर खरौंधी थाना प्रभारी रवि कुमार केशरी, भवनाथपुर थाना प्रभारी रजनी रंजन आदि उपस्थित थे।



























# भारत का संविधान सिर्फ एक दस्तावेज नहीं, हमारे राष्ट्र की आत्मा है : एसडीओ

बंशीधर न्यूज

**श्री बंशीधर नगर :** एसडीओ प्रभाकर मिर्धा ने कहा कि भारत का संविधान दुनिया का सबसे लंबा लिखित संविधान सिर्फ एक दस्तावेज नहीं बल्कि हमारे राष्ट्र की आत्मा है। यह अरबों भारतीयों की आशाओं और आकांक्षाओं का प्रतीक है। हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों और सिद्धांतों के लिये मार्गदर्शक प्रकाश के रूप में कार्य करता है। वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर यहां अनुमंडल कार्यालय के मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में झंडोत्तोलन करने



के पश्चात उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारी विविधता में एकता का उत्सव है। भारत असंख्य संस्कृतियों, भाषाओं, धर्मों और परंपराओं की भूमि इस विचार का प्रमाण है कि विविधता के बीच भी एकता पनप सकती है। हमारा तिरंगा झंडा एकता का प्रतीक है जिसमें केसरिया रंग शक्ति और साहस, बीच की सफेद पट्टी धर्म चक्र के साथ शांति और सच्चाई एवं हरा रंग हमारी भूमि की उर्वरता, विकास और शुभता को दशार्ता है। एसडीओ ने कहा कि भारत को 15 अगस्त 1947 को आजादी मिली थी और देश का अपना कोई संविधान नहीं था। बल्कि भारत अंग्रेजों द्वारा लागू किये गये कानून से शासित होता था। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी 1950 में भारत ने अपना संविधान अपनाया और एक संप्रभु, लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में एक उल्लेखनीय यात्रा शुरू की। गणतंत्र दिवस हम सभी भारतीयों के लिये गौरव का दिन है। उन्होंने उपस्थित लोगों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। इसके पूर्व



एसडीओ एवं एसडीपीओ ने खुली जीप से परेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद एसडीओ ने झंडोत्तोलन किया। तत्पश्चात छात्राओं द्वारा राष्ट्रगान एवं वंदे मातरम प्रस्तुत की गई। उस मौके पर पूर्व मंत्री रामचंद्र केसरी, डीसीएलआर शिलवन्त भट्ट, पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, बीडीओ रौशन कुमार, सीओ विकास कुमार सिंह, थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक, महिला थाना प्रभारी रुक्मिणी कुमारी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष लता देवी, चेंबर अध्यक्ष शंभूनाथ सौदागर, सचिव गोपाल प्रसाद जायसवाल, शमीम खान, हृदयानंद कमलापूरी, कमलेश पांडेय, ओमप्रकाश चौबे, रंजन कुमार, राहुल जायसवाल मिक्की सहित अन्य लोग मौजूद थे। संचालन शिक्षक कमलेश पांडेय ने किया।

## राज्यपाल से मिले रिटायर्ड प्रिंसिपल, यूनिवर्सिटी की शिकायत की

बंशीधर न्यूज

**श्री बंशीधर नगर :** सदगुरु जगजीत सिंह नामधारी कॉलेज के रिटायर्ड प्रिंसिपल डॉ धर्मचंद्र लाल अग्रवाल ने रांची राजभवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल को श्रीराधावंशीधर जी की तस्वीर देकर श्री बंशीधर नगर आने का न्योता दिया। उस मौके पर उन्होंने नीलांबर पीतांबर यूनिवर्सिटी के कामकाज के तौर तरीकों पर क्षोभ व्यक्त करते हुये राज्यपाल से हस्तक्षेप कर बेपटरी व्यवस्था को पटरी पर लाने का अनुरोध किया। डॉ



अग्रवाल ने राज्यपाल को अवकाश प्राप्त शिक्षकों के दर्द से अवगत कराते हुये बताया कि यूनिवर्सिटी ने रिटायर्ड लोगों का एक-एक साल से अधिक समय तक पेंशन रोक रखा है। किसी को ग्रेच्युटी तो किसी को अर्जित अवकाश की राशि नहीं मिली है। तरह-तरह के अड़ंगे खड़ा कर रिटायर्ड लोगों की फाईलों को रोका जा रहा है। कई रिटायर्ड लोग बुरी तरह बीमार हैं और कई लोगों की कई अलग परेशानियां है। यूनिवर्सिटी के गैर जिम्मेदाराना रवैये में कोई बदलाव नहीं हो रहा है। स्थाई कुलपति नहीं रहने के कारण विभिन्न प्रकार के कार्य संपादित नहीं हो पा रहे हैं। डॉ अग्रवाल ने बताया कि मामला राज्यपाल के संज्ञान में लाया गया है। उस मौके पर डॉ अग्रवाल ने पर्यावरण अध्ययन पर आधारित अपनी एक स्वलिखित पुस्तक की प्रति राज्यपाल को प्रदान की।

## संत तुलसीदास महाविद्यालय को मिला ग्रेडेशन

बंशीधर न्यूज

**विश्रामपुर :** रेहला संत तुलसीदास महाविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन प्रत्यायन परिषद से मान्यता मिल गई है। जिससे वहां के कर्मियों में खास उत्साह का संचार हुआ है। पिछले महीने आई जैक की टीम ने महाविद्यालय का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान सभी बिंदुओं पर गहनता से जांच की गई थी। जांचोपरांत टीम ने महाविद्यालय को मान्यता प्रदान कर दिया है। जैक की ओर से महाविद्यालय



को ग्रेड सी प्रदान किया गया है। सोमवार को महाविद्यालय के सचिव डॉ शशि नाथ चौबे एवं प्राचार्य संतोष कुमार मिश्रा ने संयुक्त रूप से लिफाफा खोलकर सार्वजनिक किया। सचिव ने कहा कि इस कार्य को करने के लिये महाविद्यालय के सभी कर्मचारी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि कॉलेज के सभी कर्मचारियों के द्वारा ईमानदारी व लग्न से किये गये कड़े मेहनत के बाद यह मुकाम हासिल हुआ है। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में कला व वाणिज्य संकाय की पढ़ाई नियमित होती है। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि जल्द ही यहां साइंस की भी पढ़ाई शुरू करा दी जायेगी। ताकि यहां के छात्र छात्राओं को बाहर नहीं जाना पड़े।

## पेड़ को दूसरे स्थान पर स्थानांतरित करने की तैयारी जोरों पर



**रमना :** गढ़वा जिला में बन रही रांची–वाराणसी फोरलेन सड़क परियोजना के जद में आने वाले करीब सात सौ अधिक पेड़ को दूसरे स्थान पर स्थानांतरित करने की तैयारी सड़क निर्माण में लगी कंपनी एमजी कंस्ट्रक्शन के द्वारा की जा रहा है। कंपनी में स्वच्छता और पार्यावरण विभाग देख रहे मुकेश श्रीवास्तव ने बताया कि कंपनी पार्यवरण संरक्षण को लेकर हमेशा गंभीर रही है। 55 सेंटी मीटर से कम लंबाई और सात इंच ब्यास वाले सभी पौंधो को दूसरे जगह सुरक्षित स्थानांतरित करने का काम कंपनी के द्वारा किया जा रहा है। इधर कंपनी के एडमिन जमीर हसन ने बाल मजदूरी प्रसंग की सूचना मिलने पर स्थल पर पहुंच कर सूचना का सत्यापन किया। कहा कंपनी सरकार के द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुरूप काम कर रही है।

## ज्ञान निकेतन स्कूल परिसर में झंडोत्तोलन



**गढ़वा :** जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के तत्वावधान में ग्रुप अध्यक्ष राकेश केशरी ने 76 वें गणतंत्र दिवस पर ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल के प्रांगण में झंडोत्तोलन किया। मौके पर पूर्व फेडरेशन अध्यक्ष विनोद कमलापुरी, मदन प्रसाद केशरी, निवर्त्तमान अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता, प्रशासनिक निदेशक मोजिबुद्दीन खान, वित्त निदेशक अशोक केशरी, स्पेशल कमिटी के पूर्व सदस्य विजय केशरी, ध्रुव केशरी, विनोद गुप्ता, मनोज केशरी, दीपक तिवारी, संतोष मेहता, जीतेंद्र कमलापुरी, रितेश केशरी, दीपक केशरी, अरुण सोनी, चंदन चंद्रवंशी, रवि केशरी, विजय केशरी, महेंद्र सर्राफ, जायंट्स सदस्य सह अनेक बैंक के संस्थापक शौकत खान आदि उपस्थित थे।













# मझिआंव एवं बरडीहा पंचायत सहित ग्रामीण क्षेत्रों में शान से लहराया तिरंगा

बंशीधर न्यूज




**मझिआंव :** प्रखंड एवं नगर पंचायत सहित ग्रामीण क्षेत्रों में गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालयों पर झंडोत्तोलन किया गया। इस अवसर पर प्रखंड कार्यालय पर प्रमुख आरती दुबे, नगर पंचायत कार्यालय पर कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार, थाना परिसर में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी, रेफरल अस्पताल परिसर में प्रभारी डॉ गोविंद सेठ, पशु चिकित्सालय पर पशु चिकित्सक डॉ दिनेश कुमार यादव एवं शिवेसर चंद्रवंशी इंटर कॉलेज पर आरसी यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी द्वारा झंडोतोलन किया गया। इसी तरह पांडेय पेट्रोल पंप के सामने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप चौक पर सीओ प्रमोद कुमार ने झंडोतोलन किया। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के चन्द्री शाखा पर शाखा प्रबंधक प्रवीण कुमार पांडेय, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक कार्यालय पर शाखा प्रबंधक का उमाशंकर चौधरी, एसबीआई कार्यालय पर शाखा प्रबंधक चंद्रशेखर कुमार भारती, उत्क्रमित उच्च विद्यालय मझिआंव में प्राचार्य सुधा कुमारी, प्रोजेक्ट राधा कृष्ण बालिका उच्च विद्यालय परिसर में प्राचार्य नीरज प्रसाद, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में प्राचार्य अर्पणा कुमारी, आरके पब्लिक स्कूल ऊंचरी में विद्यालय के निदेशक अलखनाथ पांडेय, एलके पब्लिक स्कूल में निदेशक ललन साह ने झंडोत्तोलन किया।

### बरडीहा प्रखंड मुख्यालय में भी शान से लहराया तिरंगा

बरडीहा प्रखंड कार्यालय पर प्रमुख सुनीता देवी, बरडीहा थाना परिसर में थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिंह, रेफरल अस्पताल में सीएचओ वीरेन्द्र कुमार, सुखनदि पंचायत सचिवालय पर मुखिया ऋषा देवी, बरडीहा पंचायत सचिवालय पर मुखिया सरोज कुमारी, आदर पंचायत सचिवालय पर मुखिया सलमा बीवी, सलगा पंचायत सचिवालय पर मुखिया उमेश प्रजापति, ओबरा पंचायत सचिवालय पर मुखिया संतोष उरांव, उच्च विद्यालय बरडीहा परिसर में प्राचार्य संध्या कुमारी ने झंडोत्तोलन किया। इस अवसर पर कई विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

## पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास से मिले भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज ईशान किशन



**रांची।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज ईशान किशन ने जमशेदपुर में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास से मुलाकात की।
रघुवर दास ने सोशल मीडिया एक्स पर सोमवार को ईशान किशन की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा है कि भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाज ईशान किशन, झारखंड क्रिकेट टीम के कप्तान विराट सिंह और चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाड़ी मोनू सिंह ने जमशेदपुर स्थित आवास पर मुलाकात की। मैंने उन्हें उनके सफल और उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

# मैराथन फॉर एजुकेशन का आयोजन

बंशीधर न्यूज




**गढवा :** आर्ट ऑफ गिविंग एवं गढ़वा जिला वॉलीबॉल संघ के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समाज में शिक्षा के महत्व को रेखांकित करने के उद्देश्य से मैराथन फॉर एजुकेशन का आयोजन किया गया। समाहरणालय परिसर में आयोजित इस रन फॉर मैराथन का उद्घाटन डीसी शेखर जमुआर ने हरी झंडी दिखाकर किया। मौके पर डीसी श्री जमुआर ने कहा कि यह मैराथन सिर्फ दौड़ नहीं है बल्कि समाज को शिक्षा देने का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य दर्शन परोपकार, समानता और सहयोग को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम ने इस सोच को मजबूत किया है कि समाज में प्रत्येक व्यक्ति चाहे वह किसी भी पृष्ठभूमि से हो शिक्षा का समर्थक और दाता बन जाता है। संस्था के जिला प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी ने कहा कि रन फॉर एजुकेशन केवल एक दौड़ नहीं बल्कि एक आंदोलन था जो प्रोफेसर अच्युत सामंत के प्रयासों और समाजसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। यह आयोजन झारखंड के हर कोने में शिक्षा की लौ को जलाने का एक महत्वपूर्ण कदम है। मौके पर जिला खेल पदाधिकारी दिलीप कुमार, गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार पाठक, महासचिव आलोक मिश्रा, क्रिकेट संघ के सचिव राघवेंद्र नारायण सिंह, टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, सचिव आनंद सिन्हा, कोषाध्यक्ष कमलेश दुबे, साईकिलिंग संघ के किशोर कुणाल, वॉलीबॉल संघ के कार्यालय सचिव संजीव पांडेय, कोषाध्यक्ष प्रणव कुमार, ओमप्रकाश चौबे, अंशु दुबे, प्रशांत तिवारी, राजन पांडेय, रामाशंकर सिंह, प्रभात तिवारी, सुशील तिवारी आदि उपस्थित थे।

# सगमा में धूमधाम से मनाया गया 76वां गणतंत्रता दिवस



बंशीधर न्यूज

**सगमा :** 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सगमा प्रखंड के सभी सरकारी गैर-सरकारी संस्थानों में धूमधाम से तिरंगा फहराया गया। प्रखण्ड मुख्यालय में प्रमुख अजय शाह तथा जिप सदस्य अंजू यादव ने तिरंगा फहराया। जबकि प्लस टू हाईस्कूल बीरबल में जिप सदस्य अंजू यादव, प्रमुख अजय साह प्रधानाध्यापक प्रत्युष दूबे के द्वारा संयुक्त रूप से ध्वजारोहन किया गया। जबकि पंचायत सचिवालय बीरबल में मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा, सोनडीहा में मुखिया अनिता देवी, घघरी में मुखिया सरोज देवी, सगमा में मुखिया तेजलाल राम, कटहर कलां में मुखिया कलावती देवी ने ध्वजारोहन किया। जबकि भैया रुद्र प्रताप देव उच्च विद्यालय सगमा में प्रधानाचार्य हेमंत कुमार यादव के द्वारा ध्वजारोहन किया। उस मौके पर विद्यालय के बच्चो द्वारा एक से बढ़कर एक देश भक्ति गीत के साथ राधा कृष्ण की झांकी भारत माता पर आधारित झांकी प्रस्तुत किया। मौके धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार, झामुमो नेता ताहिर अंसारी, दीपक प्रताप देव, मुक्तेश्वर पांडेय, राजू जायसवाल, विद्यालय के प्रबंधक महताब अंसारी आदि उपस्थित थे।

## डंडई में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस



**डंडई :** प्रखंड में गणतंत्र दिवस के मौके पर प्रखंड मुख्यालय सहित सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालयों में शान से तिरंगा फहराया गया। प्रखंड कार्यालय में प्रखंड प्रमुख कांति देवी, थाना परिसर में थाना प्रभारी अवधेश कुमार यादव, स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर प्रतिमा देवी, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में वार्डेन सनुजा कुमारी ने झंडोतोलन किया। वही प्रखंड कार्यालय, थाना, अस्पताल, पशु चिकित्सालय, अंबेडकर चौक आदि कई जगहों पर बीडीओ देवलाल करमाली, सीओ राजकुमार प्रजापति उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रखंड मुख्यालय स्थित सृजन पब्लिक स्कूल, होली फेथ स्कूल, आरजीएन पब्लिक स्कूल, पैराडाईज पब्लिक स्कूल के द्वारा भव्य झांकी निकाली गयी। सृजन पब्लिक स्कूल के परिसर में झंडोत्तोलन कार्यक्रम के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस दौरान नन्हें मुन्ने छात्र-छात्राओं ने मनमोहक गीत व नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मनमोह लिया।

## गणतंत्र दिवस के मौके पर श्री बंशीधर नगर अनुमंडल मुख्यालय में शान से लहराया गया तिरंगा



**श्री बंशीधर नगर :** 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर अनुमंडल मुख्यालय सहित सभी सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में शान से तिरंगा फहराया गया। एसडीओ प्रभाकर मिर्धा ने अनुमंडल मैदान में आयोजित मुख्य समारोह, अनुमंडल कार्यालय व एसडीओ आवास पर झंडोत्तोलन किया तथा झंडे को सलामी दी। विधायक अनंत प्रताप देव ने सरस्वती विद्या मंदिर, शंकर प्रताप देव इंटर व डिग्री कॉलेज, मदरसा, मिडिल स्कूल नगर ऊंटारी में झंडोत्तोलन किया। एसडीपीओ कार्यालय व आवास में एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर कार्यालय पर पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, प्रखंड कार्यालय में प्रमुख उर्मिला देवी, अनुमंडल अस्पताल में डीएस डॉ सुचित्रा कुमारी, श्री बंशीधर नगर थाना में थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक, महिला थाना में थाना प्रभारी रुक्मिणी कुमारी, श्री बंशीधर नगर पंचायत कार्यालय पर कार्यपालक पदाधिकारी राजकमल, वन कार्यालय में रेंजर प्रमोद कुमार, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा पाल्हे कला में कैशियर मेवालाल बीरूआ, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कार्यालय में बीईईओ विजय पांडेय, आरके पब्लिक स्कूल में निदेशक अलखनाथ पांडेय, टीडीएम कॉलेज अधौरा में अध्यक्ष राजेश्वर प्रताप देव ने झंडोत्तोलन किया।

# अधिवक्ता संघ ने पूर्व अध्यक्ष यमुना प्रसाद सिन्हा की पुण्यतिथि मनायी

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** गढ़वा सिविल कोर्ट परिसर में स्थित जिला अधिवक्ता संघ के तत्वावधान में अधिवक्ता संघ भवन के सभागार में संघ के पूर्व अध्यक्ष यमुना प्रसाद सिन्हा एवं उनकी पत्नी सुधा सिन्हा की पुण्यतिथि समारोह पूर्वक मनाई गई। समारोह का श्रीगणेश पीडीजे नलिन कुमार, कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश कमल किशोर झा, डीजे प्रथम दिनेश कुमार, डीजे चतुर्थ आशुतोष पांडेय, डीजे तृतीय शिवनाथ त्रिपाठी, सदर एसडीओ संजय कुमार, पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा समेत अन्य अतिथियों ने पूर्व अध्यक्ष एवं उनकी पत्नी के तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया। समारोह में मौजूद सदर एसडीओ संजय कुमार को राज्यपाल के हाथों सम्मानित किये जाने पर अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित पीडीजे नलिन कुमार ने कहा कि पिता के अच्छे कर्मों का लाभ पुत्र सहित पूरे परिवार को मिलता है। उन्होंने कहा कि गौतम कृष्ण सिन्हा द्वारा शुरू की गयी यह परंपरा आगे भी चलता रहे, यह समाज के लिये प्रेरणास्त्रोत है। इस तरह के आयोजन से आनेवाली पीढ़ी को बहुत कुछ सिखने का मौका मिलता है और वे भी अपने पिता की विरासत को आगे बढ़ाते हैं। मौके पर अन्य वक्ताओं ने कहा कि दिवंगत यमुना बाबू एक कुशल अधिवक्ता के साथ-साथ काफी सहृदय इंसान थे। वे गरीबों की सेवा में हमेशा आगे रहते थे। उनके कार्यों की जितनी भी प्रशंसा की जाय वह कम होगा। कार्यक्रम का संचालन संघ के महासचिव मृत्युंजय तिवारी एवं धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ अधिवक्ता गिरिश कृष्ण सिन्हा ने किया।

### समारोह में ये रहे उपस्थित

मौके पर सभी न्यायिक दंडाधिकारी, हाईकोर्ट के अधिवक्ता गोपाल कृष्ण सिन्हा, संघ के उपाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार चौबे, डेंटल कॉलेज के चेयरमैन दिनेश प्रसाद सिंह, अधिवक्ता नवीनचंद्र सिंह, देवदत्त चौबे, सौरभ धर दूबे, गरीबुल्लाह अंसारी, मुकेश कुमार सिन्हा, अजीत कुमार सिन्हा, सत्यनारायण सिन्हा, सोमनाथ विश्वकर्मा, अशोक तिवारी, संजय भारती, मनोज चतुवेर्दी, शशिकांत तिवारी, एसएन विश्वकर्मा, पंचम सिंह, उपेंद्र प्रसाद सिंह, राजेंद्र नाथ देव, ओंकार नाथ तिवारी, आलोक मिश्रा, सुबोध कुमार वर्मा, सतीश कुमार मिश्रा, अनुराग चंदेल, मीरा तिवारी, मंजु शुक्ला, संगीता सिन्हा, अनिता रंजन, दुर्गा रानी, चंदा देवी, कुमारी संचिता, रिमझिम, प्रिया कुमारी, ज्ञान प्रकाश केसरी, अरूण पटवा, अंकुर पाल आदि उपस्थित थे।

# सरकारी एवं गैर सरकारी प्रतिष्ठानों में शान से लहराया तिरंगा

बंशीधर न्यूज



**रमना :** गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रखंड के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी प्रतिष्ठानों में शान से तिरंगा फहराया गया। प्रखंड कार्यालय में प्रमुख करुणा सोनी एवं थाना परिसर में थानेदार आकाश कुमार ने झंडोतोलन किया। इसी प्रकार प्लस टू हाईस्कूल रमना में प्राचार्य अजय सेठ, बीआरसी में बीआरपी नरेंद्र तिवारी, अपग्रेड हाईस्कूल भगोडीह में हेडमास्टर राकेश पांडेय, बालिका उच्च विद्यालय में भूमि दाता जगरनाथ प्रसाद, संस्कृति द गुरुकुल पब्लिक स्कूल में निदेशक प्रभात कुमार, ग्लोबल पब्लिक स्कूल मे प्रिंसिपल कलीम अंसारी, एसबीआई में शाखा प्रबंधक जितेंद्र कुमार, ग्रामीण बैंक में शाखा प्रबंधक वेदप्रकाश पाल, डाकघर में उप डाकपाल धनराज पासवान, मवि सिलीदाग-एक में हेडमास्टर फुलेंद्र राम, मवि गम्हारिया में हेडमास्टर विष्णुदेव मांझी, झामुमो कार्यालय में पूर्व जिलाध्यक्ष तुलसी सिंह खरवार, सियालदह पंचायत सचिवालय में अनीता देवी, मुखिया के अलावे सभी पंचायत सचिवालयों में संबंधित मुखिया ने झंडोतोलन किया। इस दौरान विभिन्न शिक्षण संस्थानों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रभात फेरी का आयोजन किया गया।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)